मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 44 ■ अंक : 24 ■ सोमवार 30 मार्च 2026 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..
भूमि पेडनेकर ने बताया क्यों इतना महंगा है उनका पानी?

# LPG संकट - केरोसिन का वितरण

## LPG गैस की कमी को दूर करने के लिए सरकार का एक अहम फैसला

- हर परिवार को 3 लीटर का कोटा तय;
- अंत्योदय को प्राथमिकता

**ठाणे.** केंद्र सरकार ने मौजूदा हालात की वजह से LPG गैस की कमी को दूर करने के लिए एक अहम फैसला लिया है। केंद्र सरकार के 12 मार्च, 2026 के आदेश के मुताबिक, LPG के टेम्परारी विकल्प के तौर पर केरोसिन (गैसलेट) बांटने की मंजूरी दी गई है। इस फैसले के तहत, महाराष्ट्र राज्य के लिए कुल 37 लाख 44 हजार लीटर (3 हजार 744 KL) केरोसिन के स्टॉक को मंजूरी दी गई है, जिसमें से ठाणे जिले को 48,000 लीटर (48 KL) का हिस्सा मिला है।

यह वितरण मुख्य रूप से अंत्योदय अन्न योजना और प्रायोरिटी फैमिली राशन कार्ड होल्डर्स के लिए होगा। केरोसिन की उपलब्धता और लोगों की प्रतिक्रिया को देखते हुए, सफेद कार्ड होल्डर्स को भी इस फ्यूल के लिए योग्य माना जाएगा। जिन परिवारों के पास राशन कार्ड नहीं हैं, उन्हें भी इस योजना से बाहर नहीं रखा गया है; ऐसे परिवार ग्राम पंचायत का रहने का सर्टिफिकेट सबूत के तौर पर जमा करके भी केरोसिन ले सकते हैं।

केरोसिन की कीमत के बारे में अलग से ऑर्डर जारी किए गए हैं।



### 12 से ज्यादा बाइक और दो कारों में लगाई आग



ठाणे जिले के लिए मंजूर 48 किलोलीटर स्टॉक को ट्रांसपोर्ट करने के लिए कुल 4 टैंकरों को इजाजत दी गई है। यह डिस्ट्रीब्यूशन मार्च और अप्रैल 2026 महीनों के लिए तालुका के हिसाब से डिमांड के हिसाब से किया जाएगा। इस बीच, केरोसिन की बिक्री कीमत के बारे में सरकार के लेवल से जल्द ही अलग से ऑर्डर जारी किए जाएंगे, ऐसा डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने बताया है।

इसी तरह, प्रवासी मजदूर केंद्र या राज्य सरकार द्वारा जारी अपना पहचान पत्र दिखाकर इस सुविधा का फायदा उठा सकते हैं। हर योग्य परिवार या राशन कार्ड होल्डर को 3 लीटर केरोसिन बांटा जाएगा। यह डिस्ट्रीब्यूशन ऑथराइज्ड फेयर प्राइस फूड वेंडर और रिटेल केरोसिन लाइसेंस होल्डर के जरिए किया जाएगा। अगर किसी खास गांव में केरोसिन वेंडर नहीं है, तो उस गांव के लोगों को पास के गांव से अपना कोटा लेने का निर्देश दिया गया है।

## चाचा ने भतीजे पर किया हमला, गंभीर घायल

- घायल भतीजा आईसीयू में भर्ती



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में सिक्युरिटी गार्ड कंपनी को लेकर चाचा-भतीजे के बीच खूनी जंग शुरू है. बुवापाड़ा निवासी आशुतोष श्रीकांत राय ने अपने चाचा सचिदानंद राय और उनके साथियों के खिलाफ शिवाजी नगर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि वह पहले उनके चाचा सचिदानंद की सिक्युरिटी गार्ड कंपनी प्रिंस सिक्युरिटी में काम करता है. काम छोड़ने के बाद वह दूसरी कंपनी में काम कर रहे थे. वह साई सेक्शन स्थित राजा सिक्युरिटी कंपनी के सुरक्षा रक्षकों को आनंद नगर एमआईडीसी में ड्यूटी लगाकर बाइक पर घर जा रहे थे कि गोल्डन पंजाब होटल के पास दो बाइक पर बैठकर चार लोग आए. चारों ने मुंह छिपाया हुआ था. आरोपियों ने उनकी बाइक को रुकाया और हाथ, पैर, पीठ पर फावड़े के डंडे से मारकर घायल किया. मारते समय वह बोल रहे थे कि कैंटीन चलाएगा? सिक्युरिटी का काम करेगा क्या? कैंटीन बंद कर दे और प्रिंस सिक्युरिटी के खिलाफ काम करना बंद कर दे. उसका फोन भी गिर गया. इतने में एक रिक्शा चालक वहां आने पर चारों भाग खड़े हुए. आशुतोष ने मारने वाले आरोपियों में अपने चाचा सचिदानंद राय, अजय राय, प्रिंस, गयानेश्वर भुसारे और अज्ञात व्यक्ति बताया है. आशुतोष गंभीर घायल है. उसका उपचार एक निजी अस्पताल के आईसीयू में चल रहा है. आशुतोष ने पुलिस को ये भी बताया है कि एक महिना पहले भी आरोपी ने कैंटीन बंद करने की धमकी दी थी. पुलिस में शिकायत दर्ज की गई थी.

## गैस लाइटर कंपनी जलकर स्वाहा

- कोई जनहानि नहीं

**भिवंडी.** कल्याण-पडघा रोड पर सापे गांव के पास शनिवार को एक गैस लाइटर बनाने वाली कंपनी में भीषण आग लग गई। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है.

यह हादसा भिवंडी तालुका के सापे ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित YPM मैन्युफैक्चरिंग गैस लाइटर कंपनी में हुआ, जो कल्याण-पडघे रोड पर स्थित है। आग इतनी भीषण थी कि कंपनी का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि आग लगते ही कंपनी के सभी कर्मचारी सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे कोई जीवितहानी नहीं हुई। प्राथमिक जांच के अनुसार, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर नाराजगी थी कि घटना के एक घंटे बाद तक भी दमकल की गाड़ियां मौके पर नहीं पहुंची थीं।

**कल्याण के यूसुफ हाइट्स में चौंकाने वाली घटना**

## धंधा मोबाइल रिपेयरिंग का, घर में मिले हथियार



**कल्याण.** बाजारपेठ पुलिस ने कल्याण वेस्ट के घास बाजार इलाके में यूसुफ हाइट्स बिल्डिंग में रहने वाले एक 19 साल के युवक के घर से हथियार जब्त किए हैं, जो मोबाइल रिपेयर का काम करता है। बाजार पुलिस ने युवक के खिलाफ प्रतिबंधित हथियार रखने और पुलिस के रोक के आदेश का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया है।

इस युवक का नाम युवेश हनीफ सैय्यद (19) है। वह अपने परिवार के साथ कल्याण वेस्ट के घास बाजार इलाके में यूसुफ हाइट्स बिल्डिंग में रहता है।

कॉन्स्टेबल राहुल इशी ने शिकायत में कहा है कि हमारी पुलिस टीम रात में बाजार थाना इलाके में गश्त कर रही थी। उस समय कांस्टेबल बी. आर. बागुल को एक मुखबिर से गुप्त सूचना मिली कि घास बाजार में यूसुफ हाइट्स के बी विंग के एक फ्लैट में एक व्यक्ति ने हथियार जमा किए हैं। असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर प्रशांत अंधाले ने सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर सुरेश सिंह गौड़ को यह जानकारी दी।

इसके बाद, पुलिस टीम ने रात करीब 11 बजे यूसुफ हाइट्स में रेड मारी। मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने यूसुफ हाइट्स में फ्लैट पर रेड मारी। उस फ्लैट का दरवाजा बंद था। जैसे ही पुलिस टीम ने दरवाजा खटखटाया, गौसिया आसिया हनीफ सैय्यद (43) नाम की एक महिला ने दरवाजा खोला। पुलिस को देखते ही महिला भड़क गई। पुलिस टीम ने महिला से घर की तलाशी लेने की मांग की। जैसे ही पुलिस महिला कांस्टेबल के साथ घर में गई, युवेश सैय्यद वहां था।

मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस टीम ने उससे हथियार के बारे में पूछा। उस समय, उसने बताया कि उसके पास एक छुरा, एक गुप्ती और एक चाकू है। उसने ये हथियार पुलिस टीम को सौंप दिए। पुलिस ने पंचों की मौजूदगी में इस हथियार का पंचनामा किया। पुलिस ने तुरंत युवेश सैय्यद को हिरासत में ले लिया। युवेश ने पुलिस को बताया कि वह मोबाइल फोन रिपेयर करने का बिजनेस करता है। यह हथियार मोबाइल फोन रिपेयर करने वाले बिजनेसमैन के पास क्यों रखे थे? युवेश के पास यह स्टॉक कहां से आया? पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

**अंबरनाथ वकील संगठन की न्यायाधीश से मांग**

## ईंधन के कारण कोई गैरहाजिर रहता है तो विपरीत आदेश ना दिया जाए



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में पेट्रोल-डीजल की कमी होने की अफवाहों से पेट्रोल पंप पर लंबी कतारें लग रही है. इस पृष्ठभूमि पर वकील या पक्षकार अनुपस्थित रहेगा तो उनके विरोध में कोई विपरीत आदेश ना दिया जाए. ऐसी मांग चिखलोली वकली संगठन ने मुख्य न्यायाधीश के पास की है. न्यायालयीन कामकाज में पहली बार ऐसा देखा जा रहा है कि पेट्रोल-डीजल के कारण न्यायालय से सहूलियत मांगी गई है. देखना है इस संबंध में न्यायालय से वकीलों को क्या जवाब मिलता है.

विदित हो कि अंबरनाथ के चिखलोली में नई शुरू हुई दीवानी व फौजदारी न्यायालय में जाने के लिए कोई सीधी सुविधा उपलब्ध नहीं है. जिसके कारण वकीलों एवं पक्षकारों को निजी वाहनों पर निर्भर रहना पड़ता है. अभी की स्थिति में पेट्रोल पंप पर गर्दी होने के कारण एक से दो घंटे तक पेट्रोल डीजल भरने में समय लग रहा है. इस परिस्थिति को देखते हुए वकील संगठन के अध्यक्ष एड. प्रियेश जाधव ने न्यायाधीश को निवेदन दिया है. हफ्ता भर के लिए ये सहूलियत मांगी गई है.

## पालतू जानवरों के अंतिम संस्कार की समस्या

**उल्हासनगर:** शहर में गोशालाओं में पालतू जानवरों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन यह बात सामने आई है कि जानवरों की मौत के बाद उनके अंतिम संस्कार का कोई सरकारी इंतज़ाम नहीं है. इसी को देखते हुए, नेशनल छावा एसोसिएशन ने नगर निगम प्रशासन से जानवरों के लिए अलग कब्रिस्तान और इलेक्ट्रिक श्मशान बनाने की मांग की है. उल्हासनगर में बड़ी संख्या में गोशालाएं, भैंस और गाय के तबेले हैं, साथ ही आवारा कुत्ते भी हैं. मरे हुए जानवरों को हाईवे के किनारे या खुले में फेंक दिया जाता है. संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि इससे सेहत और पर्यावरण से जुड़ी समस्याएं पैदा हो रही हैं. संगठन ने यह भी कहा है कि नगर निगम को गोशालाओं में जानवरों की मौत के बाद उनके शवों को काटने पर तुरंत रोक लगाने का फैसला लेना चाहिए. नेशनल छावा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष निखिल गोले ने कमिश्नर और मेयर को एक बयान लिखकर उल्हासनगर में श्मशान बनाने की मांग की .



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### वंदे भारत में भी खराब खाना!

पिछले कुछ समय से सफर के दौरान ट्रेनों में यात्रियों को खराब खाना परोसे जाने की शिकायतें सुर्खियों में रही हैं. ऐसे मामले सामने आने के बाद भारतीय रेल की ओर से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और भविष्य में बेहतर सेवा देने के आश्वासन दिए जाते हैं. मगर ऐसा लगता है कि संबंधित महकमों को ट्रेनों में खराब खाना देने की शिकायतों को गंभीरता से लेने और उसमें सुधार करने की कोई फिक्र नहीं है. वरना क्या वजह है कि जब कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तब रेलवे के अधिकारी या मंत्रालय थोड़ा सक्रिय दिखते हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर से वही दशा आम हो जाती है.

हालत यह है कि वंदे भारत जैसी जिन ट्रेनों को उच्च और प्रीमियम दर्जे की सुविधाओं से लैस बताया जाता है, उनमें भी खराब खाने की शिकायतें अक्सर आती रहती हैं. गौरतलब है कि पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस में एक यात्री ने खाने में परोसे गए दही में कीड़ा होने की शिकायत की. आसपास मौजूद अन्य यात्रियों के साथ-साथ इसका वीडियो फैलने के बाद आम लोगों के बीच इस बात पर नाराजगी बढ़ी. इसके बाद रेल मंत्रालय ने लापरवाही बरतने पर आइआरसीटीसी पर दस लाख रुपए का जुर्माना लगाया, वहीं उस ट्रेन में खानपान सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी पर पचास लाख रुपए का जुर्माना लगाने के साथ-साथ अनुबंध खत्म करने का भी आदेश दिया.

इस तरह का यह कोई अकेला मामला नहीं है. पिछले वर्ष जुलाई में खुद रेल मंत्रालय ने संसद को बताया था कि 2024-25 के दौरान ट्रेनों में खराब खाने को लेकर 6,645 शिकायतें दर्ज की गई थीं. ऐसे मामले भी होते होंगे, जिनमें किसी यात्री को मिला खाना खराब होता होगा, लेकिन वे औपचारिक तौर पर शिकायत दर्ज नहीं कराते होंगे.

सवाल है कि खानपान की गुणवत्ता को हर तरह से स्वच्छ और बेहतर बनाने का रेल महकमे का ढांचा आखिर कैसे काम करता है कि आए दिन यात्रियों को खराब खाना परोसे जाने के मामले सामने आते हैं. क्या यह यात्रियों की सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं है? रेल मंत्रालय की ओर से कई बार सख्त कार्रवाई की जाती है, लेकिन बार-बार ऐसी शिकायतों के बावजूद इस समस्या पर लगाम लगाना मुश्किल क्यों बना हुआ है!

# विचार : विश्व को संकट में डालने वाला युद्ध

यदि पश्चिम एशिया संकट के चलते ऊर्जा संकट कायम रहा तो दुनिया भर में उद्योग-धंधों के बंद होने का सिलसिला तेज होने के साथ लोगों की परेशानी अत्यधिक बढ़ जाएगी.

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच पिछले लगभग एक माह से जारी युद्ध को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप रोकने की कोशिश करते तो दिख रहे हैं, लेकिन वे इसमें सफल होते नहीं नजर आ रहे हैं. इसका कारण उनका विरोधाभासी और अविश्वसनीय रवैया है. वे ईरान को धमका भी रहे हैं और उसे युद्ध विराम की पेशकश भी कर रहे हैं.

उन्होंने ईरान से बातचीत का हवाला देते हुए पहले उसके बिजली और ऊर्जा ठिकानों पर पांच दिनों तक हमले टालने की घोषणा की, फिर इस अवधि को और आगे बढ़ा दिया. इस बीच उन्होंने ईरान के समक्ष जो 15 सूत्रीय युद्ध विराम प्रस्ताव रखा, उसके जवाब में उसने भी अपनी पांच शर्तें रख दीं. 15 सूत्रीय प्रस्ताव और पांच शर्तों के चलते दोनों पक्षों के बीच किसी सार्थक बातचीत के आसार कम ही हैं, क्योंकि दोनों के बीच भरोसे का अभाव है.

समस्या यह भी है कि ट्रंप की किसी बात का भरोसा नहीं. ईरान ने यह समझ लिया है कि वह समुद्री मार्ग होर्मुज पर अपना दबदबा बनाए रखकर और उसे बाधित कर अमेरिका को झुका सकता है, क्योंकि इस मार्ग के बंद होने से उपजा ऊर्जा संकट विश्वव्यापी रूप ले चुका है.

अमेरिका की मानें तो वह कई मध्यस्थों के जरिये ईरान से बात कर रहा है. इन मध्यस्थों में मिस्र, तुर्किए



के साथ पाकिस्तान का भी नाम है. अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण पाकिस्तान अमेरिका के लिए उपयोगी है. अमेरिका उसके जरिये ईरान में दखल देने की स्थिति में है. एक समय अमेरिका ने पाकिस्तान के सहारे ही अफगानिस्तान में सैन्य हस्तक्षेप किया था. माना जाता है कि ईरान को निशाने पर लेने की रणनीति के कारण ही अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पाकिस्तान से नजदीकी बढ़ाई थी.

जो भी हो, पाकिस्तान भले ही परमाणु हथियारों से संपन्न एक मात्र इस्लामी देश होने के कारण अपने को मुस्लिम देशों के बीच विशिष्ट समझता हो, लेकिन उसकी अंतरराष्ट्रीय साख चौपट है और वह बिल्कुल भी विश्वसनीय देश नहीं, इसीलिए वह अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता कर सकने की स्थिति में नहीं. खुद उसके विदेश मंत्री कह रहे हैं कि पाकिस्तान दोनों देशों के बीच केवल संदेशों का आदान-प्रदान कर रहा है. ऐसा करते हुए वह अमेरिका से अपने स्वार्थ सिद्ध करने की कोशिश करे तो हैरानी नहीं. वह अपने फायदे के लिए खुद का इस्तेमाल करने और दोस्ती के नाम पर धोखा देने में माहिर है. इसीलिए भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने उसे दलाल देश की संज्ञा दी. यह एक सही संज्ञा है.

ट्रंप ईरान को लेकर तरह-तरह के बयान देने के साथ ऐसे संकेत भी दे रहे हैं कि वे इस युद्ध को रोकना चाह रहे हैं. उनके ऐसे संकेतों का असर शेयर मार्केट में देखने को मिल रहा है, लेकिन यह कहना कठिन है कि युद्ध खत्म होने के करीब है, क्योंकि ईरान और इजरायल के हमले जारी हैं. होर्मुज मार्ग भी खुलने के आसार नहीं दिख रहे हैं. इस युद्ध को लेकर अनिश्चितता के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री से वार्ता की. कहना कठिन है कि इस वार्ता में क्या बात हुई. जो भी हो, भारत यह चाहता है कि होर्मुज स्ट्रेट जल्द खुले, ताकि ऊर्जा संकट खत्म हो. भारत अपनी ओर से अमेरिका-ईरान के बीच मध्यस्थता की पेशकश कर सकता है, लेकिन शायद वह फिलहाल इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है कि उसके जहाज होर्मुज से निकलते रहें और ईरान से संबंध सामान्य बने रहें.

अमेरिका और ईरान के बीच कोई सार्थक बात हो या नहीं, इस युद्ध का रुकना आवश्यक है, क्योंकि पश्चिम एशिया में छाए संकट के कारण पैदा ऊर्जा संकट पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है. यदि युद्ध के चलते अगले कुछ दिनों में ऊर्जा संकट में कमी नहीं आई तो उद्योगों के बंद होने का सिलसिला तेज होने के साथ दुनिया भर में लोगों की परेशानी अत्यधिक बढ़ जाएगी.

अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध में आश्चर्यजनक रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अब तक जो भूमिका रही है, वह एक असहाय संगठन की सी रही है. सुरक्षा परिषद एक निष्क्रिय और निष्प्रभावी संस्था बनकर रह गई है. वह विश्व के किसी भी संकट को सुलझा पाने में नाकाम है.



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**आत्मा उस आध्यात्मिक बीज के समान है जो हमारे अंदर सुप्त रहती है, जब तक हम उसे पोषित नहीं करते हैं।**

**- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# थम नहीं रहा दहेज के नाम पर मौत का सिलसिला

इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि देश में सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद दहेज के लिए विवाहिता की हत्या या उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है. इक्कीसवीं सदी में शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने के बावजूद इस मामले में समाज के एक हिस्से की रूढ़िवादी मानसिकता नहीं बदली है. यही नहीं, कानूनों को सख्ती से लागू करने के मामले में भी विभिन्न स्तरों पर लापरवाही देखी जाती है, जिस कारण इस कुप्रथा की जड़ें नष्ट होने के बजाय गहरी होती जा रही हैं. इसका दंश महिलाओं के खिलाफ हिंसा और उत्पीड़न तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह उनकी जान पर भी भारी पड़ रहा है. सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने एक फैसले में इस पर गहरी चिंता जताई और दहेज के मामलों में महिलाओं की मौत की घटनाओं को समाज पर गहरा धब्बा करार दिया. शीर्ष अदालत ने कहा कि इस सामाजिक कुरीति के कारण आज भी हजारों महिलाएं बेमौत मारी जाती हैं.

सरकारी स्तर पर देश में दहेज प्रथा पर अंकुश लगाने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि इसकी वास्तविक तस्वीर बेहद चिंताजनक है. राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की एक रपट के मुताबिक, वर्ष



2023 में दहेज संबंधी अपराधों के तहत दर्ज मामलों में चौदह फीसद की बढ़ोतरी देखी गई है. देश भर में इससे संबंधित पंद्रह हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए, जिनमें छह हजार से ज्यादा महिलाओं की मौत हो गई. जबकि वर्ष 2022 और 2021 में यह संख्या क्रमशः 13,479 और 13,568 थी. सवाल है कि इस तरह की घटनाओं पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है? क्या वजह है कि दहेज प्रथा को बढ़ावा देने वालों में कानून का जरा भी खौफ नहीं है! इसके लिए निश्चित तौर पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों का ढुलमुल रवैया भी जिम्मेदार है. पुलिस की लापरवाही की वजह से कई बार दहेज से संबंधित मामलों के आरोपी अदालत में सबूतों के अभाव में बरी हो जाते हैं. कई दफा पीड़ित महिलाओं को शिकायत दर्ज कराने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जो पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है.

दहेज प्रथा केवल सामाजिक बुराई ही नहीं, बल्कि मानवाधिकारों और गरिमा का भी गंभीर उल्लंघन है. मगर कई मामलों में पीड़ित महिलाओं के परिजन कानूनी जागरूकता की कमी और सामाजिक दबाव के कारण पुलिस में शिकायत तक दर्ज नहीं करा पाते. ऐसे में इस बात पर गहराई से विचार करने की जरूरत है कि क्या भौतिक वस्तुएं, पैसा और झूठी शान किसी महिला की जान से ज्यादा मूल्यवान है! इस बात पर भी गौर करना जरूरी है कि दहेज उत्पीड़न या हत्या के मामलों की शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया को आसान बनाया जाए और ऐसे मामलों को गंभीरता से लेकर उनकी गहन जांच की जाए.

इस तरह के मामलों की सुनवाई त्वरित अदालतों में की जानी चाहिए, ताकि पीड़ित पक्ष को जल्द न्याय मिल सके. इसके साथ ही सामाजिक स्तर पर भी जागरूकता और अन्य पहलों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है, जैसे महिलाओं को शिक्षित और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना तथा बेटियों को लेकर समानता आधारित दृष्टिकोण को धरातल पर सही मायने में अमल में लाना. सच यह है कि कानूनी सख्ती के समांतर जब तक समाज की सोच नहीं बदलेगी, तब तक किसी भी कुरीति को पूरी तरह खत्म कर पाना संभव नहीं है.

# पालतू जानवर की बीमारी पर मिलेगी छुट्टी

आज के समय में पालतू जानवर सिर्फ जानवर नहीं रह गए हैं, बल्कि परिवार का हिस्सा बन चुके हैं. जो लोग अपने

**जरा हट के**

डॉग, कैट या अन्य पेट्स के साथ रहते हैं, वो उन्हें बच्चों की तरह प्यार करते हैं. लेकिन जब वही पालतू बीमार पड़ जाता है, तो सबसे बड़ी परेशानी होती है काम और उसकी देखभाल के बीच संतुलन बनाने की. अब इस समस्या का एक शानदार समाधान सामने आया है, जिसने दुनिया भर के पेट लवर्स का दिल जीत लिया है.

दरअसल, इटली ने एक ऐसा नियम लागू किया है, जो सच में अनोखा और इंसानियत से भरा हुआ है. यहां अब कर्मचारी अपने बीमार या घायल पालतू जानवर की देखभाल के लिए ऑफिस से पेड (Paid) लीव ले सकते हैं. यानी उन्हें छुट्टी लेने पर उनकी सैलरी नगीं कटेगी. यह कदम उन लाखों लोगों के लिए राहत लेकर आया है, जो पहले अपने पेट की



देखभाल और नौकरी के बीच फंसे रहते थे.

### कोर्ट के फैसले से शुरू हुई यह पहल

इस नियम की शुरुआत साल 2017 में हुई, जब इटली की कोर्ट ऑफ कैसेशन ने एक अहम फैसला सुनाया. एक महिला कर्मचारी ने अपने बीमार कुत्ते की देखभाल के लिए छुट्टी ली थी, जिसे कंपनी ने "अनधिकृत अनुपस्थिति" माना. लेकिन कोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया और कहा कि पालतू जानवर की देखभाल भी "गंभीर व्यक्तिगत या पारिवारिक कारण" में आती है. इसके बाद उस महिला को पेड लीव का अधिकार मिला. यह फैसला आगे चलकर एक बड़ी नीति का आधार बन गया.

### छुट्टी लेने के लिए क्या हैं जरूरी नियम

हालांकि, यह सुविधा हर छोटी बात के लिए नहीं है. कर्मचारी को छुट्टी लेने के लिए कुछ शर्तें पूरी करनी होती हैं. सबसे जरूरी है कि वह वेटरनरी डॉक्टर का सर्टिफिकेट दिखाए, जिसमें यह साफ लिखा हो कि पालतू जानवर की हालत गंभीर है और उसे तुरंत देखभाल की जरूरत है. यह नियम सिर्फ इमरजेंसी या गंभीर बीमारी के मामलों में ही लागू होता है, ताकि इसका गलत इस्तेमाल न हो.

**खाना-खजाना**

# 'ब्रेड उपमा'

सुबह-सुबह घर में अक्सर यही सवाल गूंजता है- आज नाश्ते में क्या बनाएं? ऑफिस जाने की जल्दी, बच्चों को स्कूल भेजने की भागदौड़, और इन सबके बीच एक ऐसा नाश्ता तैयार करना जो हेल्दी भी हो और टेस्टी भी, किसी चुनौती से कम नहीं है.

### सामग्री

- ब्रेड स्लाइसः 4-5
- तेलः सिर्फ 1 या 2 छोटे चम्मच
- राई (सरसों के दाने): 1/2 छोटा चम्मच
- कढ़ी पत्ताः 7-8 पत्ते
- हरी मिर्चः 1-2
- प्याजः 1
- टमाटरः 1
- हल्दी पाउडरः एक चौथाई छोटा चम्मच
- नमकः स्वादानुसार
- नींबू का रसः 1 चम्मच
- हरा धनियाः सजावट के लिए
- मूंगफली के दानेः थोड़े से

### बनाने की विधि

सबसे पहले ब्रेड की स्लाइस लें और उन्हें छोटे-छोटे चौकोर टुकड़ों में काट लें. आप चाहें तो इन्हें हाथों से रफली भी तोड़ सकते हैं.

एक नॉन-स्टिक पैन या कड़ाही लें और उसमें थोड़ा-सा तेल गरम करें. तेल गरम होते ही उसमें राई डाल दें. जब राई चटकने लगे, तब कढ़ी पत्ता और बारीक कटी हरी मिर्च डालकर कुछ सेकंड तक भूनें.

अब इसमें बारीक कटा हुआ प्याज डालें और हल्का गुलाबी होने तक भून लें. प्याज के नरम होते ही इसमें टमाटर, हल्दी और नमक मिला दें. टमाटर को जल्दी गलाने के लिए आप इसमें 2-3 चम्मच पानी के छींटे मार सकते हैं. इसे तब तक पकाएं जब तक टमाटर अच्छे से नरम न हो जाएं.



जब आपका यह चटपटा मसाला तैयार हो जाए, तो उसमें कटे हुए ब्रेड के टुकड़े डाल दें. हल्के हाथों से इसे अच्छे से मिलाएं ताकि सारा मसाला ब्रेड पर लग जाए. अब गैस धीमी करें और इसे 1 से 2 मिनट के लिए ढककर पकने दें, ताकि ब्रेड नरम हो जाए और मसालों का स्वाद सोख ले. अंत में गैस बंद कर दें. ऊपर से नींबू का रस निचोड़ें, भुनी हुई मूंगफली डालें और ताजे हरे धनिये से सजाएं.

## आज का राशिफल

**मेष** : स्वाभिमान को ठेस लग सकती है. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें. व्यवसाय ठीक चलेगा. आय बनी रहेगी. पुराना रोग उभर सकता है. अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे. कर्ज लेना पड़ सकता है. किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है.

**वृषभ** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. शारीरिक कष्ट संभव है. बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी. भाग्य का साथ मिलेगा. नौकरी में चैन रहेगा. निवेश शुभ रहेगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. पार्टनरों का सहयोग मिलेगा. प्रमाद न करें.

**मिथुन** : सुख के साधन प्राप्त होंगे. नई योजना बनेगी. तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. सामाजिक काम करने की इच्छा रहेगी. मान-सम्मान मिलेगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी.

**कर्क** : धार्मिक अनुष्ठान पूजा-पाठ इत्यादि का कार्यक्रम आयोजित हो सकता है. कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे. मानसिक शांति रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. समय अनुकूल है. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. शारीरिक कष्ट संभव है.

**सिंह** : कुसंगति से बचें. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें. पुराना रोग उभर सकता है. किसी दूसरे व्यक्ति की बातों में न आएं. कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें. व्यापार अच्छा चलेगा. नौकरी में मातहतों से कहासुनी हो सकती है. लेन-देन में सावधानी रखें.

**कन्या** : शरीर में कमर व घुटने आदि के दर्द से परेशानी हो सकती है. लेन-देन में सावधानी रखें. चिंता तथा तनाव रहेंगे. शत्रुभय रहेगा. कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे. धन प्राप्ति सुगम होगी. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. भाइयों का सहयोग मिलेगा. परिवार में मांगलिक कार्य हो सकता है.

**तुला** : शत्रु पस्त होंगे. सुख के साधनों की प्राप्ति पर व्यय होगा. धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे. भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी. बड़ा लाभ हो सकता है. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी. भाग्य का साथ रहेगा.

**वृश्चिक** : किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा. किसी वरिष्ठ प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार से लाभ होगा. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी. कष्ट व भय सताएंगे. भाग्य का साथ मिलेगा.

**धनु** : राजभय रहेगा. वाणी पर नियंत्रण रखें. शारीरिक कष्ट संभव है. यात्रा में जल्दबाजी न करें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है. भागदौड़ अधिक रहेगी. थकान व कमजोरी महसूस होगी. आय में निश्चितता रहेगी. व्यापार ठीक चलेगा.

**मकर** : प्रयास सफल रहेंगे. सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी. मान-सम्मान मिलेगा. नौकरी में प्रशंसा होगी. कार्यसिद्धि होगी. प्रसन्नता रहेगी. चोट व रोग से बचें. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं. व्यापार ठीक चलेगा. निवेश शुभ रहेगा. पारिवारिक सहयोग मिलेगा.

**कुंभ** : चिंता तथा तनाव बने रहेंगे. यश बढ़ेगा. दूर से शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी. घर में मेहमानों का आगमन होगा. कोई मांगलिक कार्य हो सकता है. आत्मविश्वास बढ़ेगा. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. निवेश शुभ रहेगा. प्रसन्नता बनी रहेगी.

**मीन** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. निवेश शुभ रहेगा. व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा. किसी बड़ी समस्या से मुक्ति मिल सकती है. किसी न्यायपूर्ण बात का भी विरोध हो सकता है. विवाद न करें. कुबुद्धि हावी रहेगी. चोट व रोग से बचें.

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# AC के सामने बैठकर कट रही है गर्मियां?

**जानिए एयर कंडीशनर के इस्तेमाल से सेहत को होने वाले नुकसान**



आज के समय में गर्मियों की चिलचिलाती धूप से बचने के लिए घंटों AC के सामने बैठना आम हो गया है. ये बात और है कि ये आरामदायक लगता है, लेकिन आपकी यह आदत आपके शरीर पर चुपके से बुरा असर डाल सकती है.

मोटापा एक ऐसा खतरा है जो बिना आहट के आपके जीवन में प्रवेश कर सकता है. अगर आप भी दिनभर एसी की ठंडी हवा में सुस्त रहते हैं, तो अलर्ट हो जाइए. आईए जानते हैं कि कैसे हमारे शरीर पर असर होता है

### गतिविधियों में भारी गिरावट

जब शरीर आरामदायक ठंडक में रहता है, तो वह एनर्जी खर्च करने के लिए इंस्पायर नहीं होता. पूरे दिन बैठे रहना या लेटे रहना कैलोरी बर्न को बहुत कम कर देता है. नतीजा फैट तेजी से जमा होता है.

### नेचुरल टेंपरेचर बैलेंस बिगड़ जाता है

गर्म मौसम में शरीर टेंपरेचर को संतुलित करने के लिए अधिक मेहनत करता है, जिससे मेटाबॉलिज्म एक्टिव रहता है. एसी में रहने से यह प्रक्रिया धीमी हो जाती है, जिससे मेटाबालिज्म दर गिरती है और वजन बढ़ने लगता है.

### भूख में अनियंत्रित बढ़ोतरी

ठंडे वातावरण में शरीर को एक्स्ट्रा एनर्जी की जरूरत महसूस होती है. इसका नतीजा है बार-बार भूख लगना और बिना सोचे-समझे जंक फूड या ऑयली फूड्स का सेवन करना, जो मोटापा बढ़ाता है.

### पसीने का रुकना और डिटॉक्स न होना

पसीना आना बॉडी का एक नेचुरल डिटॉक्स सिस्टम है. एसी में रहने से पसीना न के बराबर आता है, जिससे टॉक्सिन्स शरीर में जमा होते रहते हैं और वजन बढ़ने के साथ अन्य हेल्थ प्रॉब्लम्स भी हो सकती हैं.

### मन और शरीर की निष्क्रियता

ठंडी हवा में दिमाग भी सुस्त पड़ सकता है, जिससे एक्साइटमेंट और ऐक्टिवनेस घटती है. इसका असर मोटिवेशन पर भी पड़ता है, जिससे एक्सरसाइज से दूरी बढ़ जाती है.

### कैसे करें बचाव

- हर 45 मिनट बाद 5 मिनट टहलें या हल्की स्ट्रेचिंग करें.
- एसी का तापमान बहुत कम न रखें, 24–26 डिग्री तक सीमित करें.
- घर के कामों में खुद को व्यस्त रखें.
- ताजे फल, सलाद और पानी का सेवन बढ़ाएं.
- हर दिन कम से कम 30 मिनट वर्कआउट को समय दें.
- आराम जरूरी है, लेकिन आराम की आदत से पैदा हुआ मोटापा जिंदगी भर का स्ट्रेस बन सकता है.

# गोरा बनाने वाली क्रीम कहीं खराब न कर दे किडनी?



### खरीदने से पहले चेक करें डिब्बे के पीछे लिखी ये बातें

इन दिनों सोशल मीडिया पर हर जगह तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स की भरमार है. हर जगह ऐसे विज्ञापनों की भरमार है, जो रातों-रात गोरा बनाने या झुर्रियां गायब करने का दावा करते हैं.

हालांकि, असल में सच्चाई कुछ और ही है. दरअसल, इन चमकते विज्ञापनों का सच इन प्रोडक्ट्स के डिब्बे के पीछे छोटे अक्षरों में लिखी सामग्री में छिपी होती है.

आइए एलेंटिस हेल्थकेयर, नई दिल्ली में डर्मेटोलॉजिस्ट और एस्थेटिक फिजिशियन चांदनी जैन गुप्ता (एमबीबीएस और एमडी) से समझते हैं क्यों जरूरी है ब्यूटी प्रोडक्ट्स खरीदते समय लेबल पढ़ना जरूरी है और इस दौरान क्या सावधानियां बरतनी चाहिएः-

### क्यों जरूरी है लेबल चेक करना?

हम अपनी त्वचा पर जो भी लगाते हैं, स्किन उसे धीरे-धीरे अब्जॉर्ब कर लेती है, जिससे यह हमारे शरीर के अंदर तक जाता है. सस्ते या बिना ब्रांड वाले स्किन ब्राइटनिंग प्रोडक्ट्स में मर्करी यानी पारा का काफी इस्तेमाल किया जाता है. इससे भले ही स्किन का रंग हल्का हो जाता है, लेकिन ज्यादा मात्रा में मर्करी शरीर के लिए जहर के समान है.

इतना ही नहीं लंबे समय तक इन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल स्किन को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ किडनी डैमेज, सिरदर्द, चिड़चिड़ापन और याददाश्त कमजोर होने जैसी गंभीर समस्याओं का कारण भी बन सकता है. साथ ही इसमें इस्तेमाल होने वाली खुशबू और प्रीजर्वेटिव्स जलन और एलर्जी का कारण बनते हैं.

# चाय की छन्नी जलकर हो गई है काली?

### फेंकने से पहले ट्राई करें ये कमाल के क्लीनिंग टिप्स

किचन में चाय बनाते समय सबसे ज्यादा उपयोग होने वाला एक छोटा लेकिन जरूरी आइटम है, चाय की छन्नी. रोजाना के इस्तेमाल और गर्म पानी व दूध के संपर्क में आने से इस पर गंदगी की परत जमने लगती है. साथ ही चाय की पत्तियों का रंग धीरे-धीरे स्टील पर चिपकने लगता है और वह छन्नी जो कभी चमचमाती थी, अब काली, बदरंग और जली हुई सी दिखने लगती है.

इसे देखकर कई लोग नई छन्नी खरीदने का सोचते हैं, लेकिन ऐसा करने की कोई जरूरत नहीं. कुछ आसान घरेलू उपायों से आप अपनी




पुरानी छन्नी को फिर से नई जैसी चमकदार बना सकते हैं. यहां कुछ असरदार और घरेलू टिप्स की जानकारी दी गई है जो आपकी काली पड़ी छन्नी को फिर से नई जैसी बना देंगे. तो आईए जानते हैं इनके बारे में-

### बेकिंग सोडा और नींबू का पेस्ट

बेकिंग सोडा और नींबू का रस मिलाकर एक पेस्ट बनाएं. इस पेस्ट को छन्नी पर लगाकर 10 मिनट छोड़ दें. फिर पुराने ब्रश या स्क्रबर से रगड़ें और गर्म पानी से धो लें. छन्नी साफ और चमकदार हो जाएगी.

### सिरका और पानी में उबालें

एक पतीले में बराबर मात्रा में पानी और सफेद सिरका लें. उसमें छन्नी डालें और 10 मिनट तक उबालें. इससे काले दाग लूज पड़ जाएंगे, जिन्हें आसानी से हटाया जा सकता है.

### बेकिंग सोडा और नमक का स्क्रब

बेकिंग सोडा और दरदरे नमक को मिलाकर तैयार पेस्ट से छन्नी को रगड़ें. ये दोनों मिलकर जमा हुआ मैल और जले हुए दाग हटा देते हैं.

### नींबू के छिलकों से घिसना

नींबू के छिलकों पर थोड़ा नमक डालें और छन्नी पर गोल-गोल घिसें. इससे बदबू भी दूर होगी और हल्की चमक लौटेगी.

### टूथपेस्ट का प्रयोग

थोड़ा सा टूथपेस्ट छन्नी पर लगाकर पुराने ब्रश से रगड़ें. यह सतह पर जमी मैल को साफ करने में मदद करता है.

### टमाटर के रस से धुलाई

टमाटर के रस में छन्नी को कुछ देर भिगोकर रखें और फिर ब्रश से साफ करें. टमाटर में मौजूद नैचुरल एसिड दाग को हटाता है.

### हाइड्रोजन पेरोक्साइड और बेकिंग सोडा

दोनों को मिलाकर एक पेस्ट बनाएं और छन्नी पर लगाएं. इससे गहरे दाग हटते हैं चमक लौटती है.

### डिटर्जेन्ट पाउडर या स्टील क्लीनर

बाजार में मिलने वाले क्लीनर जैसे झिलमिल पाउडर से छन्नी को साफ करें. यह तुरंत चमक लाने में सहायक होता है. इन उपायों को अपनाकर आप अपनी छन्नी को बिना खर्च के नई जैसी बना सकती हैं. नियमित रूप से साफ करते रहें जिससे छन्नी की चमक हमेशा

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### सातवीं मंजिल से नीचे गिरी राजस्व अधिकारी की पत्नी, मौके पर मौत, सुसाइड की आशंका

**वाराणसी.** वाराणसी में सेंट्रल जेल रोड स्थित 'अवध अपार्टमेंट' में रविवार की सुबह उस वक्त मातम पसर गया, जब अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल से एक महिला के गिरने की खबर आई. मृतका की पहचान 50 वर्षीया सीमा सिन्हा के रूप में हुई है, जो सुल्तानपुर में तैनात चकबंदी विभाग के बंदोबस्त अधिकारी पंकज कुमार की पत्नी थीं. जानकारी के अनुसार, सीमा सिन्हा अपने परिवार के साथ अवध अपार्टमेंट के सातवीं मंजिल स्थित फ्लैट में रहती थीं. उनके पति पंकज कुमार इन दिनों पांच दिन की छुट्टी लेकर घर आए हुए थे. रविवार सुबह जब घर के अन्य सदस्य अपने कार्यों में व्यस्त थे, तभी अचानक सीमा सिन्हा बालकनी की ओर गईं. चश्मदीदों के अनुसार, एक तेज चीख सुनाई दी और अगले ही पल सीमा अपार्टमेंट के नीचे फर्श पर खून से लथपथ मिलीं.

### रेप के झूठे आरोप में वसूले 1.35 लाख, थाने में रखा बंद, थानेदार सस्पेंड

**अमरोहा.** उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के हसनपुर रहरा क्षेत्र में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां एक गांव की महिला ने गांव के एक शख्स पर रेप का आरोप लगाते हुए 19 मार्च को थाने में तहरीर दी. अगले दिन उसने दूसरी तहरीर दी जिसमें उस शख्स के साथ एक दलित मजदूर को भी आरोपी बना दिया. गांव का एक अन्य शख्स इसमें महिला का साथ दे रहा था. आरोप है कि पुलिस ने 20 मार्च को मजदूर को हिरासत में ले लिया. बाद में महिला का सहयोग कर रहे गांव के उस व्यक्ति ने मजदूर के परिवार पर दबाव बनाकर 1.35 लाख रुपए ऐंठ लिए. आरोप है करीब 35 घंटे तक मजदूर को अवैध तरीके से हिरासत में रखने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच फैसला होने की बात कहते हुए छोड़ दिया. बाद में मजदूर एसपी के पास पहुंचा और पत्र देकर पूरे मामले की शिकायत की. एसपी के निर्देश पर सीओ पंकज कुमार त्यागी ने मामले की जांच की. सीओ के मुताबिक जांच में मजदूर द्वारा अवैध हिरासत में रखने संबंधी लगाए गए आरोप सही निकले. इसके बाद एसपी ने थानाध्यक्ष को निलंबित करते हुए विभागीय जांच के आदेश दे दिए.

### बिरयानी में लेग पीस नहीं मिलने पर भड़के बाराती, घरातियों से हुआ झगड़ा; जमकर चलीं कुर्सियां

उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एक शादी समारोह के दौरान बवाल हो गया. बिरयानी में लेग पीस नहीं मिलने पर भड़के बारातियों का घरातियों से झगड़ा हो गया और देखते ही देखते बैंक्विट हॉल जंग के मैदान में बदल गया. अमरोहा जिले के हसनपुर नगर स्थित एक बैंक्विट हॉल में हैबतपुर बंजारे से बारात आई हुई थी. बारात वहीं ठहराई गई थी. बैंक्विट हॉल में हर तरफ शादी का जश्न मनाया जा रहा था. वहां शादी की परंपरागत रस्में चल रही थीं. बारातियों के बीच कोई सेल्फी लेते दिख रहा था तो कोई ग्रुप फोटो खिचंवाने में व्यस्त था. बैंक्विट हॉल में खाना-पीना भी शुरू हो चुका था. कुछ लोगों ने भोजन करना शुरू कर दिया था. इसी बची अचानक वहां शोर मचने लगा. देखते ही देखते अफरातफरी सी मच गई. पता चला कि भोजन के दौरान बिरयानी में लेग पीस नहीं मिलने पर दो लोगों के बीच शुरू हुई कहासुनी बढ़ गई और इसमें कई अन्य लोग शामिल हो गए.

# एक तरफ बातचीत तो दूसरी ओर हमले की साजिश रच रहा अमेरिका

■ **ईरान ने खूब लताड़ा**

**तेलअबीब.** ईरान ने अमेरिका पर बड़ा आरोप लगाया है. इसमें कहा गया है कि अमेरिका सिर्फ बातचीत का दिखावा कर रहा है. जबकि अंदरखाने वह एक गुप्त मिशन प्लान कर रहा है, जिसके तहत वह ईरान पर जमीनी हमले की तैयारी में है. यह बात ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर घालीबाफ ने कही है. साथ ही उन्होंने यह भी चेतावनी दे डाली कि ईरान की सेना, अमेरिकी सैन्य बलों हमले के लिए पूरी तरह से तैयार है. इस दोहरे रवैये के लिए ईरानी संसद के स्पीकर ने डोनाल्ड ट्रंप को भी खूब लताड़ा लगाई है.

■ **दिखावा कुछ, अंदरखाने कुछ**

इरना समाचार एजेंसी द्वारा प्रकाशित कमेंट्स में, घालीबाफ ने ट्रंप की ईरान के साथ बातचीत करने की इच्छा पर उन्हें जमकर सुनाया.



उन्होंने कहाकि दुश्मन खुलकर बातचीत संदेश भेज रहा है और गुप्त रूप से जमीन हमले की योजना बना रहा है. उन्होंने कहाकि हमारे लोग अमेरिकी सैनिकों के जमीन पर आने का इंतजार कर रहे हैं ताकि उन्हें आग लगा सकें.

■ **तीन पत्रकारों की मौत पर चिंता**

वहीं, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने लेबनान में तीन पत्रकारों की मौत पर गहरी चिंता जतायी है. साथ ही इसे सिर्फ मीडिया जगत के लिए बड़ी क्षति ही नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना के लिए एक गंभीर चेतावनी बताया है. रिपोर्ट के अनुसार, जेज्जीन शहर में एक हवाई हमले में अल मनार टीवी के पत्रकार अली शोएब और अल मयादीन के पत्रकार फातिमा और मोहम्मद फेटोनी की मौत हो गई. यह हमला इजरायल रक्षा बल द्वारा किया गया बताया जा रहा है. सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में अराघची ने इस हमले को टारगेट किलिंग करार दिया. उन्होंने कहाकि यह सच्चाई सामने लाने वाली आवाजों को खामोश करने की कोशिश है. उधर इजरायल की सेना ने अली शोएब की मौत की पुष्टि करते हुए दावा किया है कि वह हिजबुल्लाह का सदस्य था और पत्रकार के रूप में काम कर रहा था.

**क्या कह रहे हैं डोनाल्ड ट्रंप....**

गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए ईरान को दी गई समयसीमा छह अप्रैल तक बढ़ा दी है. राष्ट्रपति ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी. उन्होंने कहाकि वह ईरान के ऊर्जा संयंत्रों पर बमबारी को फिलहाल रोकेंगे. यह ताजा घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब युद्धविराम वार्ता को लेकर दोनों देश गतिरोध की स्थिति में दिखाई दे रहे हैं तथा उन्होंने अपने-अपने रुख कड़े कर लिए.

# अमेरिका में ट्रम्प के खिलाफ 80 लाख लोगों का मार्च

■ **3,300 जगह प्रदर्शन**

■ **ईरान वॉर और महंगाई को लेकर पद से हटाने की मांग**

**वाशिंगटन.** अमेरिका में शनिवार को राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ हुए 'नो किंग्स रैली' में 80 लाख लोगों ने हिस्सा लिया. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 3,300 से ज्यादा जगहों पर ये प्रदर्शन आयोजित किए गए.

आयोजकों ने बताया कि अक्टूबर में हुए पिछले नो किंग्स प्रदर्शनों की तुलना में इस बार करीब 10 लाख ज्यादा लोग शामिल हुए और लगभग 600 ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए.

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि वे ट्रम्प सरकार की कई नीतियों से नाराज हैं. उनका गुस्सा खास तौर पर ईरान के साथ बढ़ते तनाव, सख्त इमिग्रेशन कार्रवाई और बढ़ती महंगाई को लेकर है. कई जगहों पर लोगों ने ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के खिलाफ पोस्टर दिखाए और उन्हें पद से



हटाने की मांग की.

**व्हाइट हाउस बोला- प्रदर्शन से लोगों को फर्क नहीं पड़ता**

व्हाइट हाउस ने इन प्रदर्शनों को 'थेरेपी सेशन' बताते हुए कहा कि आम लोगों को इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता. वहीं ट्रम्प का कहना है कि उनके फैसले देश को मजबूत बनाने के लिए हैं. उन्होंने यह भी कहा कि वे 'राजा' नहीं हैं और उनके खिलाफ लगाए जा रहे आरोप गलत हैं.

सिर्फ अमेरिका ही नहीं, बल्कि दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी ट्रम्प के खिलाफ नाराजगी देखने को मिली है. पेरिस, लंदन और लिस्बन जैसे शहरों में भी लोगों ने सड़कों पर उतरकर ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किया और उन्हें पद से हटाने की मांग की.

### जांच करने पहुंची पुलिस टीम पर हमला

**सुलतानपुर.** धम्मौर थाने के उपनिरीक्षक और सिपाहियों पर एक गांव में जांच के दौरान जानलेवा हमला किया गया। पुलिस का आरोप है कि दबंगों ने न केवल उनके साथ गाली-गलौज की, बल्कि लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लैस होकर मारपीट भी की। इस छीना-झपटी में सिपाही की वर्दी के चीथड़े उड़ गए। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिसकर्मी अपनी जान बचाते और मोबाइल वापस मांगते नजर आ रहे हैं।

# केरल का माहौल अलग, बदलाव का मिल रहा संदेश

■ **पीएम मोदी का LDF-UDF पर निशाना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पलक्कड़ में एनडीए की रैली को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कहाकि इस बार केरल का माहौल बिल्कुल अलग है. यह बदलाव का संदेश दे रहा है. उन्होंने कहाकि अब केरल के युवा, महिलाएं और किसान भाजपा तथा राजग के प्रति समर्थन में एकजुट हैं. केरल में बदलाव जनता के आशीर्वाद, भाजपा कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों और उनके बलिदानों के कारण होगा प्रधानमंत्री मोदी ने केरल में एलडीएफ और यूडीएफ पर निशाना साधते हुए कहा कि दशकों से राज्य स्वार्थपरक राजनीति के दो चेहरों के बीच फंसा हुआ है. भाजपा केरल को एक विकसित राज्य में बदल देगी और राज्य मोदी की गारंटियों के बल पर आगे बढ़ेगा.

■ **घोटालों के बीच सत्ता पर रहे काबिज**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे



कहाकि वाम दल और कांग्रेस एक-दूसरे को 'बी-टीम' बताने का दावा कर रहे हैं, लेकिन दोनों मानते हैं कि केरल चुनाव में भाजपा ही एकमात्र वास्तविक दावेदार है. उन्होंने आगे कहाकि 'घोटालों' के बीच एलडीएफ और यूडीएफ दशकों तक सत्ता पर काबिज रहे, लेकिन कभी एक-दूसरे के खिलाफ कार्रवाई नहीं की, जनता के सामने खोखले दावे करते रहे. पीएम मोदी ने कहाकि एलडीएफ और यूडीएफ दोनों ने स्वीकार किया कि विधानसभा चुनाव में भाजपा 'ए-टीम' है.

■ **हम बनाएंगे सरकार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में आगे कांग्रेस और लेफ्ट दोनों पर निशाना साधा. पीएम मोदी ने कहाकि केरल में कांग्रेस और वामपंथी दल एक-दूसरे पर झूठे आरोप लगा रहे हैं. लोगों को दोनों दलों से सावधान रहना चाहिए. उन्होंने कहाकि जनता के आशीर्वाद और आप सभी के सहयोग से हम केरल में सरकार बनाएंगे. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया के हालात पर भी चर्चा की. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है कि पश्चिम एशिया युद्ध का भारत पर कम से कम प्रभाव पड़े.

# पुलिसकर्मी बेटी ने दूध में जहर देकर हेड कॉन्स्टेबल पिता को मार डाला

■ **3 साल बाद खुला राज**

**चंद्रपुर.** महाराष्ट्र के चंद्रपुर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है. 'मिल्कशेक मर्डर' वाले इस मामले का खुलासा तीन साल बाद हुआ है. 24 अप्रैल 2023 को हेड कॉन्स्टेबल जयंत बल्लावर ड्यूटी पर जाने की तैयारी कर रहे थे. उनकी बेटी आर्या बल्लावर खुद एक पुलिसकर्मी है. उसने उन्हें जहर मिला हुआ मिल्कशेक पिला दिया. जयंत ने मिल्कशेक पीकर डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ऑफिस के प्रशासनिक भवन पहुंचे, जहां उन्हें चक्कर आया और वे गिरकर मर गए. शुरू में मौत को अचानक बीमारी मान लिया गया. कोई पोस्टमॉर्टम नहीं कराया गया और केस बंद हो गया.

आर्या बल्लावर का आशीष शेडमाके से 2022 से रिश्ता चल रहा था, जिसका जयंत विरोध कर रहे थे. पिता को रास्ते से हटाने के लिए आर्या ने प्लान बनाया. उन्होंने अपने चचेरे भाई चैतन्य गेडम से संपर्क कर 5 हजार रुपये में जहर मंगवाया. एक अन्य आरोपी ने जहर सप्लाई किया. आर्या ने खुद जहर मिलाकर पिता को मिल्कशेक दिया. मौत के बाद आर्या और आशीष ने शादी कर ली, लेकिन वैवाहिक जीवन खुशहाल नहीं रहा.

आशीष को पुलिस ट्रेनिंग से अनुशासनहीनता के कारण निकाल दिया गया और दोनों में रहन-सहन को लेकर झगड़े होने लगे. आर्या मायके में ही रहना चाहती थी. तीन साल बाद मार्च 2026 में आशीष शेडमाके ने खुद थाने में पहुंचकर कबूलनामा दे दिया. उसने बताया कि हत्या पहले से प्लान की गई थी और आर्या मुख्य साजिशकर्ता थी. उसके कबूलनामे के आधार पर पुलिस ने मामले को दोबारा खोला. जांच में सारी बातें सामने आईं.

# अडाणी डिफेंस ने आर्मी को सौंपी 2,000 मशीन गन




■ **दुश्मनों को 1KM दूर से मार गिराने की क्षमता**

■ **एक मिनट में 700 राउंड फायरिंग**

**ग्वालियर.** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने भारतीय सेना को 2,000 'प्रहार' लाइट मशीन गन (LMG) की पहली खेप सौंपी. यह 7.62 मिमी कैलिबर के हथियार ग्वालियर के स्मॉल आर्म्स कॉम्प्लेक्स में बनाए गए हैं.

सरकार इन हथियारों का इस्तेमाल LAC और LoC पर सुरक्षा और मारक क्षमता बढ़ाने के लिए करेगी. 'प्रहार' LMG की मारक क्षमता 1,000 मीटर तक है, जिससे दुश्मनों को दूर से निशाना बनाया जा सकता है. मशीन गन 8 किलोग्राम की हैं, जिनकी लंबाई 1100 mm है. एक मिनट में 700 राउंड फायरिंग होगी.

शनिवार को ग्वालियर स्थित प्लांट में सेना को LMG सौंपने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें रक्षा मंत्रालय के डीजी ए. अंबरासु, कंपनी के CEO आशीष राजवंशी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए. अधिकारियों ने मशीन गन की पहली खेप लेकर जा रहे ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

**6 साल में पूरा हुआ प्रोजेक्ट**

कंपनी के CEO आशीष राजवंशी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट को बोली जमा करने से लेकर डिलीवरी तक पूरा करने में करीब 6 साल लगे. कंपनी ने निर्धारित समय से 11 महीने पहले पहली खेप सौंप दी है. पूरा ऑर्डर देने के लिए पहले 7 साल से ज्यादा का समय तय था, लेकिन कंपनी इसे अगले 3 साल के भीतर पूरा कर देगी.

कंपनी के अनुसार, LMG का कुल ऑर्डर लगभग 40,000 यूनिट का है. रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ए. अंबरासु ने समय से पहले डिलीवरी की सराहना करते हुए कहा कि इससे साबित होता है कि प्रोजेक्ट को तेजी से पूरा करने की क्षमता मौजूद है.

# इस भूमि पर घुसपैठियों का कोई अधिकार नहीं

■ **1 लाख 25 हजार एकड़ भूमि मुक्त कराई; असम में बोले शाह**

**गुवाहाटी.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम के धेकियाजुली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार अशोक सिंघल के समर्थन में प्रचार किया. उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया कि आगामी असम विधानसभा चुनाव में बीजेपी को समर्थन दें, ताकि राज्य को घुसपैठियों से मुक्त किया जा सके और स्थायी शांति व विकास सुनिश्चित हो सके. सोनितपुर में रैली को संबोधित करते हुए शाह ने पिछले दशक में असम में भाजपा की उपलब्धियों का जिक्र किया और आगामी विधानसभा चुनाव में समर्थन की अपील की.

अमित शाह ने कहा, 'असम में 11 दिनों में चुनाव होने वाले हैं. आपको यह नहीं सोचना है कि आप हिमंत बिस्वा सरमा को एक बार फिर मुख्यमंत्री बनाने के लिए वोट दे रहे हैं. आपको असम को घुसपैठियों से मुक्त करने के लिए वोट देना है. आपको शांतिपूर्ण और विकसित असम बनाने के लिए वोट देना है. इस चुनाव में एक तरफ भाजपा है, जिसने 10 वर्षों में असम को आतंकवाद मुक्त बनाया है. यही वह असम है, जहां कांग्रेस के शासन में गोलीबारी और बम विस्फोट होते थे और सैकड़ों युवा मारे जाते थे.'

गृह मंत्री ने आगे कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में हमने असम में कई समझौते करके और 10 हजार युवाओं को हथियार छुड़वाकर शांति स्थापित करने का काम किया है.' अमित शाह ने बताया कि भाजपा ने अपने 10 वर्ष के शासनकाल में असम में घुसपैठियों से 1 लाख 25 हजार एकड़ भूमि मुक्त कराई है.

# BJP आई तो मछली और अंडे खाने पर लगेगी रोक




■ **बंगाल में चुनावी रैली के दौरान ममता बनर्जी का दावा**

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ी हुई है. इसी क्रम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया है कि अगर राज्य में भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आती है, तो लोगों को मछली और मांसाहार खाने से रोका जाएगा. बता दें कि बंगाल बड़ी मात्रा में लोग मछली और मांसाहार खाते हैं. सीएम ममता ने भाजपा पर आरोप लगाया कि केंद्र में बैठी पार्टी दंगा भड़काकर सत्ता हासिल करती है.

चुनावी जनसभा में कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए ममता बनर्जी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला. उन्होंने दावा किया कि भाजपा शासित राज्यों में लोगों को मांस, मछली और अंडे खाने से रोका जाता है. उन्होंने कहा, ₹भारतीय जनता पार्टी जिन राज्यों में शासन करती है, उनमें मछली नहीं खाई जाती है. ऐसे में अगर बंगाल में भाजपा की सरकार आती है, तो आप मांस या अंडे नहीं खा पाएंगे. भाजपा एकतरफा है, वह किसी भी धर्म में विश्वास नहीं करती है. इन राज्यों में बंगाली भाषी लोगों के ऊपर भी हमले होते हैं.₹

भाजपा पर दंगे भड़काकर सत्ता हासिल करने का आरोप लगाते हुए ममता ने जमकर खरी-खोटी सुनाई. उन्होंने कहा, ₹यह लोग (भाजपा) दंगा भड़काते हैं. दंगे भड़काकर सत्ता में आते हैं, मतलब लोगों को मारकर सत्ता में आते हैं. भाजपा जिन राज्यों में शासन करती है, उन राज्यों में आदिवासियों और महिलाओं पर सबसे ज्यादा अत्याचार होता है. हमारे बंगाली भाषी लोगों पर अन्य राज्यों में हमले होते हैं. लेकिन हम ऐसा नहीं करते. हमारे राज्य में किसी पर भी अत्याचार नहीं होता है.

# वैभव सूर्यवंशी हुए 15 साल के

■ **सीनियर टीम के लिए हुए एलिजिबल**

भारतीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी आज 15 साल के हो गए हैं. वे अपना जन्मदिन IPL 2026 के शुरू होने से ठीक एक दिन पहले मना रहे हैं.

IPL में डेब्यू करने के बाद से ही यह चर्चा लगातार चल रही थी कि वैभव को भारत की सीनियर टीम में कब मौका मिलेगा. अब 15 साल की उम्र पूरी करते ही उनका इंतजार खत्म हो गया है. ICC के प्लेयर एलिजिबिलिटी नियमों के अनुसार अब वैभव सीनियर इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने के लिए पूरी तरह पात्र हो गए हैं. ICC के प्लेयर एलिजिबिलिटी रेगुलेशंस के आर्टिकल 4.1 के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने देश का प्रतिनिधित्व तभी कर सकता है, जब सीरीज या टूर्नामेंट के पहले मैच तक उसकी उम्र कम से कम 15 साल हो. यह नियम नवंबर 2020 से लागू है. इसका मकसद युवा खिलाड़ियों की शारीरिक और मानसिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है.

वैभव सूर्यवंशी IPL में फिफ्टी लगाने वाले सबसे कम उम्र के प्लेयर बने. उन्होंने मात्र 14 साल और 32 दिन में अर्धशतक लगाया. सेकेंड पोजिशन पर कप्तान रियान पराग है, उन्होंने 17 साल 175 दिन में 2019 में फिफ्टी लगाई थी. वैभव ने 10 दिन पहले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी शतक लगाया था. 14 साल के वैभव टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने थे. उन्होंने 2 दिसंबर को ईडन गार्डन्स में महाराष्ट्र के खिलाफ 61 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 7 छक्के शामिल थे.




### ईरान ने अमेरिका को दिया न भूलने वाला गम, तबाह किया एयरक्राफ्ट

ईरान ने अमेरिका को ऐसा जख्म दिया है जो वह जिंदगीभर भूल नहीं पाएगा। ताजा तस्वीरों में इस बात की पुष्टि हुई है। इस तस्वीर में नजर आ रहा है कि सऊदी एयर बेस पर अमेरिका का अहम ई-3 सेंट्री एयरक्राफ्ट तबाह हुआ पड़ा है। गौरतलब है कि शुक्रवार को ईरान ने दावा किया था कि उसने सऊदी स्थित अमेरिकी एयरबेस पर उसके एयरक्राफ्ट को निशाना बनाया है। जानकारी के मुताबिक यह हमला प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर किया गया था। ईरान के प्रेस टीवी ने हाल ही में कुछ तस्वीरें प्रकाशित की हैं। इन तस्वीरों में नजर आ रहा है कि विमान के कुछ हिस्से पूरी तरह से तबाह हो गए हैं।

# महाकुंभ में साधु-संतों को सरकार मुहैया कराए सुविधाएं

## श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरीचैतन्य ब्रम्हचारी जी महाराज ने मुख्यमंत्री से की मांग

**नासिक.** महाकुंभ देशवासियों की धार्मिक आस्था का प्रतीक है. समुद्र मंथन के दौरान निकले अमृत को लेकर देवता और दानव में हुई लड़ाई के दौरान अमृत की 4 जगहों पर गिरी जिसमें प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन नगरी थी. महाकुंभ में गंगा स्नान करने से मनुष्य के सभी पाप खत्म होते हैं. 12 वर्ष के अंतराल में महाकुंभ मेला प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक, उज्जैन नगरी में लगता है. महाकुंभ 2027 की तैयारियों को लेकर श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरीचैतन्य ब्रम्हचारी जी महाराज से पत्रकार **गुरुप्रसाद सिंह** से हुई बातचीत के मुख्य अंश.

धर्मस्थली तपोवन (नासिक) में पधारे श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरीचैतन्य ब्रम्हचारी जी महाराज टीकर माफी (यूपी) ने आगामी महाकुंभ मेला के दौरान दूरदराज शहरों से आने वाले असंख्य साधु, संतो को मिलने वाली सुविधाओं पर गंभीर सवाल उठाते हुए सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल उठाए हैं.





स्वामी ब्रम्हचारी जी ने महाकुंभ मेला में उत्तरप्रदेश प्रयाग राज में साधु, संतों को योगी सरकार द्वारा दी मुहैया कराए जाने वाली तमाम सुविधाओं का हवाला देते हुए आगामी 2027 जुलाई में लगने वाले महाकुंभ मेला में सुविधाएं दिए जाने की मांग महाराष्ट्र मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित नासिक जिला पालक मंत्री गिरीश महाजन से की है.

नासिक तपोवन स्थित टीकर माफी आश्रम में पधारे श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरीचैतन्य ब्रम्हचारी जी के साथ प्रमुख रूप से महामंडलेश्वर डा.संत बृजभूषण महाराज (बापू), आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी संविदानंद सरस्वती महाराज(कैलाश मठ),स्वामी हर्ष चैतन्य ब्रम्हचारी,स्वामी शिवशंकर महाराज,आचार्य सुमित पांडेय आदि की गरिमामई उपस्थिति रही. संतो के सानिध्य में आश्रम में सम्पन्न हुए भंडारा एवं महाप्रसाद का लाभ सैकड़ों भक्तों ने उठाया. तपोवन टीकर माफी आश्रम में उपस्थित तमाम भक्तों को आशीर्वचन देते हुए महामंडलेश्वर डा संत बृजभूषण महाराज (बापू) ने कहा कि, साधु,संतों की सेवा बड़े भाग्य से नसीब होती है.साधु,संतों के सत्संग से ही मोक्ष प्राप्त होता है.उन्होंने कहा कि,वेद,पुराण में माता गोदावरी का बड़ा महात्म्य है.गोदावरी नदी में स्नान से मनुष्य के समूल पाप नष्ट होते हैं.नासिक में 12 वर्षों में महाकुंभ लगता है जिसमें गोदावरी में करोड़ों लोग स्नान कर जीवन धन्य करते हैं.नासिक तीर्थ नगरी में महाकुंभ के दौरान समूचे देश से साधु,संतों का होने वाला जमावड़ा तीर्थ नगरी की शान को चार गुना तेजोमय, प्रकाशवान करता है.

श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरीचैतन्य ब्रम्हचारी जी महाराज टीकर माफी (यूपी) ने प्रयागराज यूपी में विगत वर्ष संपन्न हुए महाकुंभ 2025 का हवाला देते हुए कहा कि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने महाकुंभ के दौरान प्रयागराज गंगा के विशाल तटों पर साधु, संतों को ठहरने के लिए व्यापक रूप से आरामदायक सुविधाएं प्रदान की थीं.महाकुंभ में पधारे संतों को तम्बू, डेरा, सोफा, कुर्सी,पानी सहित अन्य जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए गए थे. प्रयागराज महाकुंभ मेला में साधु,संतो को कोई असुविधा नहीं हुई थी.महाकुंभ के बाद समस्त साधु,संत समाज दूरदराज क्षेत्रों से स्नान कर आसानी से अपने गंतव्य स्थल वापस गये.उन्होंने कहा कि, महाकुंभ में स्नान एवं कल्पवास हेतु साधु,संतों की टोली देश के अलग-अलग शहरों से आते हैं ऐसे में हजारों किलोमीटर की भारी दूरी तय कर मालवाहक गाड़ियों में सामान की लोडिंग करके लाना कठिन होता है.महाकुंभ के दौरान नासिक स्थित एयरपोर्ट से हवाई सेवाएं प्रयागराज सहित अन्य मुख्य शहरों के लिए प्रतिदिन शुरू की जानी चाहिए.प्रयागराज से मुंबई आने वाली दूरंतो ट्रेन का स्टॉप नासिक होना चाहिए जिससे बुजुर्ग साधु,संतों को यात्रा की तकलीफ नहीं हो. उक्त मुद्दे पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए.स्वामी ब्रम्हचारी ने महाराष्ट्र मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एवं नासिक जिला पालक मंत्री गिरीश महाजन से महाकुंभ में साधु,संतों को जरूरी सुविधाएं दिए जाने की अपेक्षा की है.

## संक्षेप...

### कार में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**मुंब्रा।** शील फाटा स्थित शील महापे रोड पर कार में अचानक आग लगने से परिसर में हड़कंप मच गया। आपत्ति व्यवस्थापन कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार पूजा पंजाब होटल के सामने टाटा झेस्ट कार में आग लगने की जानकारी मिली। इस आगजनी में कार जलकर खाक हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही शील फायर ब्रिगेड केन्द्र के जवान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई.

# महानगर गैस के नाम पर करोड़ों की साइबर चोरी

■ **एपीके फाइल भेजकर खाली कर रहे बैंक खाता**




मुंबई. मुंबई में इन दिनों साइबर ठगी का एक नया और खतरनाक तरीका तेजी से फैल रहा है, जिसमें ठग महानगर गैस के नाम का इस्तेमाल कर लोगों को निशाना बना रहे हैं. एपीके फाइल के जरिए हो रही इस ठगी ने शहर में चिंता बढ़ा दी है. बीते एक महीने में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें ठगों ने करीब 1 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी को अंजाम दिया है. दरअसल, अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण देश में गैस आपूर्ति को लेकर बनी अनिश्चितता का फायदा साइबर अपराधी उठा रहे हैं. ठग खुद को एमजीएल का अधिकारी बताकर लोगों को मैसेज और कॉल करते हैं. इन मैसेज में गैस बिल बकाया होने और कनेक्शन काटने की चेतावनी दी जाती है, जिससे लोग डरकर तुरंत प्रतिक्रिया देते हैं.

मुलुंड पश्चिम के 20 वर्षीय व्यापारी मितुल दोषी इस गिरोह के हालिया शिकार बने. उन्हें एक मैसेज मिला, जिसमें गैस कनेक्शन बंद करने की बात कही गई थी. उन्होंने 1150 रुपए का भुगतान कर दिया, लेकिन बाद में एक व्यक्ति ने खुद को एमजीएल अधिकारी बताते हुए कॉल किया और "बिल अपडेट" के नाम पर एक एपीके फाइल भेज दी. जैसे ही मितुल ने फाइल डाउनलोड कर अपनी बैंकिंग जानकारी डाली, ठगों ने उनके खातों से 11.82 लाख रुपए गायब कर दिए.

ऐसा ही एक मामला मालाड पूर्व में सामने आया, जहां 75 वर्षीय बुजुर्ग को 10 रुपए के बहाने फंसाया गया. व्हॉट्सऐप पर भेजे गए मैसेज में एपीके फाइल डाउनलोड करने के लिए कहा गया. फाइल इंस्टॉल करते ही उनके खाते से 20 मिनट के भीतर 8.59 लाख रुपए निकाल लिए गए.

**1930 साइबर हेल्पलाइन पर संपर्क करने की सलाह**

पुलिस के अनुसार, यह ठगी एक सुनियोजित तरीके से की जा रही है. पहले लोगों को डराने वाला मैसेज भेजा जाता है, फिर कॉल कर भरोसा दिलाया जाता है और अंत में एपीके फाइल के जरिए मोबाइल में मालवेयर इंस्टॉल कर लिया जाता है. यह मालवेयर ओटीपी, बैंक डिटेल्स और फोन का पूरा एक्सेस ठगों तक पहुंचा देता है. साइबर पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है. अधिकारियों का कहना है कि कोई भी गैस कंपनी कभी एपीके फाइल के जरिए भुगतान या अपडेट नहीं करवाती. लोगों को सलाह दी गई है कि वे केवल आधिकारिक वेबसाइट या ऐप का ही उपयोग करें और किसी अनजान लिंक या फाइल से दूर रहें. यदि कोई ठगी का शिकार होता है, तो तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन पर संपर्क कर बैंक खाते को सुरक्षित करने की सलाह दी गई है.

# डिलीवरी टेम्पो से चोरी हो गए 27 LPG सिलिंडर

■ **जांच में जुटी पुलिस**

**मुंबई.** मुंबई में एक डिलीवरी गाड़ी से 27 एलपीडी सिलिंडर चोरी हो गए हैं, जिनमें से पांच भरे हुए थे. इस घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

कांदिवली (पश्चिम) के चारकोप में हुई यह चोरी पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण गैस आपूर्ति को लेकर बनी चिंताओं के बीच हुई है. अपनी शिकायत में डिलीवरी करने वाले नंदकुमार रामराज सोनी ने बताया कि उन्होंने 25 मार्च को एलपीजी सिलिंडरों से लदा टेम्पो अपने घर के पास काका केनी चौक पर खड़ा किया था. जब सोनी 26 मार्च को वापस आए तो उन्होंने देखा कि टेम्पो के दरवाजे का शीशा टूटा हुआ था और पीछे का ताला भी टूटा हुआ था. एफआईआर का हवाला देते हुए एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि गाड़ी से खाना पकाने वाले सभी 27 गैस सिलेंडर चोरी हो गए थे. इनमें से पांच सिलिंडर भरे हुए और 22 खाली थे. अधिकारी ने बताया कि चोरी के पीछे शामिल लोगों का पता लगाने के लिए कई टीमें बनाई गई हैं. उन्होंने आगे कहा, ₹इलाके के सीसीटीवी फुटेज में कई संदिग्ध और उनके वाहन दिखाई दिए हैं और उनकी पहचान करने की कोशिशें जारी हैं.

# अंबरनाथ में अवैध जुआ अड्डों का जाल

■ **पुलिस पर लगे संरक्षण देने के गंभीर आरोप**

■ **पैंथर सेना ने दी चेतावनी**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर में अवैध मटका और जुआ अड्डों के बढ़ते कारोबार ने नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है. लंबे समय से चल रहे इन अवैध धंधों पर हाल ही में अंबरनाथ पुलिस ने छापेमारी की, लेकिन अब यह कार्रवाई विवादों के घेरे में आ गई है. सामाजिक कार्यकर्ताओं और 'अखिल भारतीय पैंथर सेना' ने पुलिस प्रशासन पर सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा है कि यह छापेमारी महज एक 'दिखावा' है.



■ **स्कूलों के पास चल रहा है 'मौत का खेल'**

अखिल भारतीय पैंथर सेना के शहर अध्यक्ष संजय प्रसाद के अनुसार, अंबरनाथ के पूर्वी और पश्चिमी दोनों क्षेत्रों में जुआ माफिया सक्रिय हैं. पूर्वी क्षेत्र में कपिला बार और पश्चिमी क्षेत्र में स्टेशन परिसर सहित संजय नगर स्थित टीवीएम स्कूल के पास खुलेआम मटका स्टैंड चल रहे हैं. सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि ये अड्डे स्कूलों के ठीक बगल में स्थित हैं, जिससे छात्रों के भविष्य पर बुरा असर पड़ रहा है. स्थानीय लोगों का कहना है कि युवा पीढ़ी तेजी से इस दलदल में फंस रही है.

■ **'दिखावे की छापेमारी' पर उठे सवाल**

संगठन के तेजस सरवडे ने आरोप लगाया कि अंबरनाथ पुलिस को कई बार लिखित शिकायतें दी गईं, लेकिन कोई असर नहीं हुआ. जब दबाव बढ़ा और पुलिस आयुक्त कार्यालय में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई, तब जाकर पुलिस हरकत में आई. हालांकि, सरवडे का दावा है कि गत बुधवार को जो कार्रवाई हुई, वह केवल कागजों तक सीमित थी. गिरफ्तार किए गए आरोपियों को कुछ ही घंटों में रिहा कर दिया गया और गुरुवार को वही जुआ अड्डे फिर से गुलजार नजर आए.

■ **आंदोलन की चेतावनी**

जुआ अड्डों के कारण कई मेहनतकश परिवार बर्बाद हो रहे हैं. आर्थिक तंगी और घरेलू कलह के मामले बढ़ रहे हैं. पैंथर सेना ने प्रशासन को वीडियो सबूत भी सौंपे हैं. संगठन ने अल्टीमेटम दिया है कि अगर इन अड्डों को स्थायी रूप से बंद नहीं किया गया, तो वे डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती के अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय के सामने आमरण अनशन शुरू करेंगे.

## मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन

**अंबरनाथ.** एंटी करप्शन इंटेलिजेंस कमेटी (भारतीय भ्रष्टाचार निवारण संस्थान) के राष्ट्रीय सचिव,अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कॉन्फडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय मंत्री शंकर ठक्कर ने बताया ऐसीआईसी द्वारा एस.डी.एम. इंग्लिश हाई स्कूल, अंबरनाथ में एक विशाल मेगा मेडिकल कैंप का सफल आयोजन किया गया. यह चिकित्सा शिविर डीवाई पाटिल हॉस्पिटल, नेरुल के सहयोग से आयोजित किया गया.

इस मेगा मेडिकल कैंप की सफलता में एसीआईसी की राष्ट्रीय सीएसआर हेड निशा पाडावे का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने इस पहल को आगे बढ़ाया. इस शिविर का मुख्य उद्देश्य झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था.

# जिलाधिकारी डॉ. पांचाल के एडमिनिस्ट्रेटिव मॉडल की CM फडणवीस ने की तारीफ



**ठाणे.** महाराष्ट्र में सबसे तेज़ी से शहरीकरण और इंडस्ट्रियल रूप से आगे बढ़ रहे जिले के तौर पर जाने जाने वाले ठाणे जिले ने अब डिजिटल एडमिनिस्ट्रेशन के क्षेत्र में एक नया मॉडल बनाया है। जिले के विस्तार और बढ़ती आबादी को देखते हुए, एडमिनिस्ट्रेशन के सामने सरकारी सेवाओं को आखिरी छोर तक ट्रांसपेरेंट तरीके से पहुंचाने की बड़ी चुनौती थी।

इस चुनौती को स्वीकार करते हुए,जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल और उनके साथियों ने 'ई-गवर्नेंस इम्प्रूवमेंट मिशन' के तहत लागू की गई नई पहलों की वजह से पूरे राज्य के लिए एक प्रेरणा देने वाला मॉडल बनकर उभरे हैं। इस बड़ी कामयाबी पर ध्यान देते हुए, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार, 28 मार्च को सह्याद्री गेस्ट हाउस में हुए एक खास प्रोग्राम में ठाणे जिला प्रशासन को खास तौर पर सम्मानित किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल, जिला परिषद के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर रंजीत यादव, पुलिस कमिश्नर आशुतोष डुंबरे, उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन कमिश्नर मनीषा अव्हाले, पुलिस सुपरिंटेंडेंट डॉ. डी. स्वामी और नवी मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के एडिशनल कमिश्नर सुनील पवार को सम्मानित किया गया। यह सम्मान ठाणे जिला प्रशासन के हर कर्मचारी और ठाणे के सभी लोगों के लिए गर्व की बात है। डॉ. पांचाल और उनके साथियों की कोशिशों से लागू हुए इस डिजिटल चैप्टर ने एडमिनिस्ट्रेटिव अकाउंटेबिलिटी का एक नया बेंचमार्क सेट किया है।

# गैस सिलेंडर संकट के साथ कोयला-लकड़ी भी हुए महंगे

**भिवंडी.** ईरान-इजराइल-अमेरिका के बीच जारी तनाव का असर अब भिवंडी में भी दिखने लगा है.रसोई ईंधन की कमी और व्यावसायिक सिलेंडर आपूर्ति प्रभावित होने से छोटे होटल, चाय-नाश्ता ठेले और ढाबा संचालकों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है.रसोई ईंधन के विकल्प के रूप में अब कोयला और लकड़ी का उपयोग बढ़ गया है, जिससे उनकी कीमतों में 15-20% तक बढ़ोतरी हो गई है. वर्तमान में पत्थर कोयला करीब 25 रुपये प्रति किलो, लकड़ी का कोयला 40 रुपये और जलाऊ लकड़ी 10 से 15 रुपए प्रति किलो बिक रही है.हालांकि उक्त साधनों पर खाना बनाना कठिन होने से होटल व्यवसाय भी प्रभावित हुआ है और कई जगह सीमित खाद्य पदार्थ ही उपलब्ध हैं.



गौरतलब हो कि, गैस संकट का असर चाय,नाश्ता व्यवसाय पर भी पड़ा है.पहले जहां ग्राहकों की मांग के अनुसार स्पेशल चाय मिलती थी, अब अधिकतर होटलों में एक ही प्रकार की चाय उपलब्ध है. सरकार द्वारा कुछ क्षेत्रों में केरोसिन वितरण का निर्णय लिया गया लेकिन भिवंडी को इससे बाहर रखे जाने से महिलाओं में नाराजगी है. उनका कहना है कि गैस के अभाव में खाना बनाना मुश्किल हो गया है ऐसे में शहर को भी केरोसिन उपलब्ध कराया जाए.

**गैस सिलेंडर की कमी से मची अफरातफरी**

भिवंडी शहर में पेट्रोल की लंबी लाइनों के बाद अब घरेलू गैस की किल्लत गहराती जा रही है .खासकर 5 किलो के छोटे गैस सिलेंडर के लिए नागरिकों में होड़ मच गई है .गैस एजेंसी के बाहर सुबह से ही नहीं, बल्कि देर रात से लोगों की लंबी कतारें लग रही हैं . कई मजदूरों को अपनी ड्यूटी और कामकाज छोड़कर गैस के लिए रात भर लाइनों में सोना पड़ रहा है .कई मजदूर परिवारों को चूल्हा जला कर परिवार का पेट पालना पड़ रहा है जिससे जिससे शहर में अफरातफरी का माहौल बन गया है .मजदूर वर्ग असहाय होकर पलायन करना शुरू कर चुका है .गैस सिलेंडर की सीमित आपूर्ति के कारण हर दिन मांग से आधे से कम सिलेंडर ही उपलब्ध हो पा रहे हैं, जबकि मांग इससे कई गुना अधिक है .ऐसे में बड़ी संख्या में लोग घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं .सबसे ज्यादा परेशानी मजदूर वर्ग को उठानी पड़ रही है, जो दैनिक आय पर निर्भर है और महंगे बड़े सिलेंडर खरीदने में असमर्थ है .यही वजह है कि 5 किलो के सिलेंडर की मांग अचानक बढ़ गई है .शहर के गैस एजेंसी संचालको का कहना है कि सप्लाई में कमी के चलते सभी उपभोक्ताओं को सिलेंडर उपलब्ध कराना संभव नहीं हो पा रहा है .गैस सिलेंडर न मिलने और लकड़ी–ईंधन के बढ़ते दामों ने आम लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं .कई परिवारों के सामने खाना बनाने तक की समस्या खड़ी हो गई है उनको लकड़ी और डीजल की भट्टी के चूल्हे का सहारा लेने पर मजबूर होना पड़ रहा है .

## विजयपत सिंघानिया का निधन



**मुंबई.** टेक्सटाइल ब्रांड 'रेमंड' को घर-घर तक पहुंचाने वाले पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का रविवार 29 मार्च को मुंबई में अंतिम संस्कार कर दिया गया.

दोपहर 3 बजे चंदनवाड़ी श्मशान घाट पर उनके बेटे और रेमंड के मौजूदा चेयरमैन गौतम सिंघानिया ने परिवार के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में अंतिम रस्में पूरी कीं. 87 वर्षीय सिंघानिया का शनिवार शाम को निधन हुआ था. वे अपने पीछे पत्नी आशादेवी और तीन बच्चों- मधुपति सिंघानिया, शेफाली रुइया और गौतम सिंघानिया को छोड़ गए हैं. गौतम सिंघानिया ने अपने मैसेज में लिखा है कि उनके पिता एक दूरदर्शी नेता और समाजसेवी इंसान थे, जिनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी. गौतम सिंघानिया ने अपने मैसेज में लिखा है कि उनके पिता एक दूरदर्शी नेता और समाजसेवी इंसान थे, जिनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी.

## भूमि पेडनेकर ने बताया क्यों इतना महंगा है उनका पानी?

■ **वॉटर ब्रांड की कीमतों को लेकर हुई थीं ट्रोल**

लीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी फिल्मों से ज्यादा अपने बिजनेस को लेकर चर्चा में हैं. साल 2025 में उन्होंने अपना पैकेज्ड वॉटर ब्रांड लॉन्च किया था. इस वॉटर ब्रांड की कीमत की वजह से उन्हें सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया गया. भूमि की ब्रांड के पानी की कीमतों की बात करें तो महज 500ml की बोतल 150 रुपये की है. अगर आपको 750ml पानी खरीदना है तो आपको 200 रुपये चुकाने होंगे. अब यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान भूमि ने इस मुद्दे पर खुलकर बात की है. भूमि पेडनेकर ने साफ कहा कि उनका ब्रांड महंगा जरूर है, लेकिन यह एक 'प्रीमियम' कैटेगरी का प्रोडक्ट है. भूमि ने अपनी कंपनी के पानी के महंगे होने के पीछे वजह समझाते हुए कहा, 'हां, मेरा पानी महंगा है, इसमें कोई शक नहीं है. लेकिन मैं जिस प्रीमियम कैटेगरी में हूं, वहां दूसरे बड़े ब्रांड्स का पानी मेरे मुकाबले कहीं ज्यादा महंगा है.' भूमि ने बताया कि भारत में लोग कई इंटरनेशनल ब्रांड्स का पानी पीते हैं, जिसके लिए वे 400 से 500 रुपये तक चुकाते हैं. उन्होंने कहा कि उन्हें शुरू से पता था कि उनकी ब्रांड का पानी एक प्रीमियम प्रोडक्ट है, आम जनता के लिए नहीं है.

भूमि पेडनेकर ने एक बेहद दिलचस्प किस्सा भी शेयर किया. उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी पूरी तरह से सेल्फ-फंडेड है, यानी उन्होंने बाहर से कोई फंडिंग नहीं ली है. एक्ट्रेस ने एक पुराने इंटरव्यू का हवाला देते हुए बताया कि उन्होंने 17 साल की उम्र से ही निवेश करना शुरू कर दिया था. उनकी पहली सैलरी उन्हें यशराज फिल्म्स से मिली थी. यह एक 7,000 रुपये का चेक था और तब से की गई उनकी बचत और निवेश के दम पर ही वे आज अपना वॉटर ब्रांड खड़ा कर पाई हैं.



# SST महाविद्यालय में डिग्री प्रमाणपत्र वितरण समारोह धूमधाम से संपन्न










**उल्हासनगर.** एस.एस.टी. कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स में डिग्री प्रमाणपत्र वितरण समारोह बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया. विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का सम्मान करने वाला यह कार्यक्रम महाविद्यालय के वातानुकूलित सभागार में आयोजित किया गया था.

इस समारोह में उल्हासनगर महानगरपालिका के उपमहापौर श्री अमर लुंड, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट (NISM) के जनरल मैनेजर श्री संजीव बजाज तथा प्रसिद्ध मेंटर और उद्यमी श्री सागर पगार ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया.

कार्यक्रम में महाविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. पुरस्वानी और प्रभारी प्राचार्य डॉ. दीपक गवादे का भी मार्गदर्शन विद्यार्थियों को प्राप्त हुआ. अध्यक्ष डॉ. पुरस्वानी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए महाविद्यालय से जुड़े रहने का आग्रह किया तथा भविष्य के विभिन्न उपक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया. मेंटर श्री सागर पगार ने विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करते हुए अपने लक्ष्य की ओर दृढ़ता से आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दिया. समारोह में विद्यार्थियों ने दीक्षांत पोशाक पहनकर अपनी डिग्रियां प्राप्त कीं. कुछ विद्यार्थियों ने अपने महाविद्यालयीन अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों के मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त किया.

विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन के इस महत्वपूर्ण पड़ाव को मनाते हुए महाविद्यालय ने उनके सफलताओं का सम्मान किया, जिससे यह समारोह यादगार बन गया.

# श्री दुर्गा माता मंदिर के प्रांगण में भव्य भंडारा का आयोजन




**ठाणे.** श्री दुर्गा माता सेवा संस्था की ओर से हर साल नवरात्रि के समापन के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया जाता है।शनिवार रात को सुंदरकांड पाठ व भजन कीर्तन का रसपान कर महाप्रसाद ग्रहण किया। संगीतमय सुंदरकांड व भजन गायकों की टीम आकर अपनी प्रतिभा को दिखाते हैं जिसमें नागेंद्र शर्मा, लकी मिश्रा, अनंत दूबे, श्रवण तिवारी कोरस देने वाले , संजय तिवारी, ढोल वादक शिवकुमार सिंह, सचिन शर्मा, मनोज मिश्रा , राकेश पाण्डेय, जगदीप तिवारी ने सुनाकर भावविभोर कर दिया।इस कार्यक्रम में यशोभूमि के संपादक श्री नारायण तिवारी, पत्रकार धर्मेंद्र उपाध्याय , ज्वेलर्स असोसिएशन जीबी रोड अध्यक्ष पंकज जैन, समीर पंकज पाण्डेय। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरला वर्मा , ऊषा यादव, सुमित्रा विट्टी वर्मा, उमा तिवारी, सुनीता दुबे, अभय सिंह, राजनरायन दुबे, योगेश यादव, विजय गुप्ता, मंगला तिवारी, अजित पाण्डेय, घनश्याम यादव, सुशील पंडा, आदित्य तिवारी, अनिकेत तिवारी, अनुराग तिवारी, राहुल, रवि पांडेय, दिनेश चौरसिया, अजय त्रिपाठी, बजरंगी, रविन्द्र तिवारी तथा मंदिर से जुड़े महिला भक्तों के सहयोग से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।मंदिर के संस्थापक /अध्यक्ष अरविन्द तिवारी के द्वारा कार्यक्रम में आए हुए सभी भक्तों के जीवन में सुख शान्ति की कामना के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

**भारतीय कामगार कर्मचारी फेडरेशन भिवंडी यूनिट**

## 6 अप्रैल से मनपा मुख्यालय के सामने अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल

**भिवंडी.** भारतीय कामगार कर्मचारी फेडरेशन भिवंडी यूनिट ने 6 अप्रैल से मनपा मुख्यालय के सामने रोज सुबह 10 से शाम 6 बजे तक अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल करने के संबंध में एक लेटर मनपा प्रशासन को सौंपा है.

पत्र के माध्यम से भारतीय कामगार कर्मचारी फेडरेशन भिवंडी यूनिट ने बताया है कि मनपा ने पी.एस. क्रमांक 1 से 5 के स्लम विभाग के 9 कर्मचारियों को बिना कोई कारण बताओ नोटिस दिए 18/03/2026 से निलंबित कर दिया है. 28 मार्च से वार्ड कमेटी नंबर 1 से 5 के सभी वसूली कर्मचारी मनपा के विरोध स्वरूप 05 अप्रैल तक काला फीता लगाकर वसूली का काम करेंगे. इस दौरान मनपा प्रशासन ने 04 अप्रैल तक कोई उचित वैकल्पिक रास्ता तय नहीं किया गया तो 6 अप्रैल से भारतीय कामगार कर्मचारी फेडरेशन भिवंडी यूनिट यूनियन के कर्मचारियों के साथ प्रतिदिन सुबह 10.00 बजे से शाम 06.00 बजे तक अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल की जाएगी. इसकी पूरी जिम्मेदारी मनपा की होगी.

उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe


Late Shri. ASHOK U. BODHA
18-02-1945 to 19-12-2017

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985
www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099